

खेल ढाबा

पटना, बुधवार, 4 जून, 2025 || वर्ष-1 || अंक-6 || पृष्ठ-2 ||

डिजिटल समाचार





सिंधू दूसरे दौर में पेज-03 | दूसरे स्थान पर पहुंचे गुकेश पेज-03 | 5 जुलाई को होगी नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता पेज-03




## 'ई साला कप नामदे' 17 साल का सूखा खत्म

# बेंगलुरु पहली बार बना चैंपियन

## आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराया, क्रुणाल पांड्या बने मैन ऑफ द मैच

**अहमदाबाद, 3 जून।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का सपना आखिर 18 साल बाद पूरा हो गया और उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मंगलवार को पंजाब किंग्स को मात्र छह रन से हराकर 18 साल बाद नया आईपीएल चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया।

आरसीबी ने खिताबी मुकाबले में अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 20 ओवर में नौ विकेट पर 190 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और फिर पंजाब की चुनौती को सात विकेट पर 184 रन पर थाम लिया। विराट जीत के बाद खुशी से रो पड़े।

आज आईपीएल की सबसे इमोशनल कहानी मुकम्मल हुई। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने आखिरकार ट्रॉफी उठा ली। ये जीत सिर्फ विराट कोहली, रजत पाटीदार या क्रुणाल पांड्या की नहीं है। ये जीत उस हर फैन की है जिसने हार के बाद भी अगली सुबह आरसीबी की जर्सी पहनी और आज वो दीया पूरी दुनिया ने जलते देखा।

एक सीएसके के फैन की तरफ से – शुक्रिया आरसीबी, तुमने बता दिया कि हारते-हारते भी जीतना मुमकिन है।

पंजाब ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। आरसीबी की पारी में कोई अर्धशतक नहीं बना लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने छोटा–छोटा योगदान दिया और टीम को 190 तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरसीबी की तरफ से विराट कोहली ने 35 गेंदों में तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 43 रन बनाये।

आरसीबी ने पांच ओवर में 46/1, दस ओवर में 87/2 और 15 ओवर में 132/4 रन बनाये। आरसीबी ने आखिरी पांच ओवरों में 58 रन जोड़े लेकिन पांच विकेट भी गंवाए। अंत में ये स्कोर मैच में निर्णायक साबित हुए।

फिल साल्ट ने नौ गेंदों में 16, मयंक अग्रवाल ने 18 गेंदों में 24, रजत पाटीदार ने 16 गेंदों में 26, लियाम लिविंगस्टोन ने 16 गेंदों में 25, जितेश शर्मा ने 10 गेंदों में 24 और रोमारियो शेफर्ड ने नौ गेंदों में 17 रन बनाये। आरसीबी की पारी में 11 चौके और नौ छक्के लगे।


आरसीबी ने 19 ओवर में छह विकेट पर 187 रन बना लिए थे और वह 200 से ऊपर जाता दिखाई दे रहा था लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने आखिरी ओवर में तीन विकेट चटकाए और सिर्फ तीन रन दिए जिससे आरसीबी का 200 रन बनाने का सपना टूट गया। लेकिन उसने अपने इस स्कोर का बचाव कर लिया।

पंजाब ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की और छह ओवर के पॉवरप्ले में एक विकेट खोकर 52 रन जोड़े। लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए। दस ओवर में उसका स्कोर 81 रन पर तीन विकेट हो गया। विकेट गिरते रहे और पंजाब की उम्मीद धूमिल होती चली गयी। शशांक सिंह ने आखिर में दिलेरी दिखाते हुए 30 गेंदों में तीन चौकों और छह छक्कों की मदद से 61 रन ठोके लेकिन लक्ष्य थोड़ा दूर रह गया। शशांक ने अंतिम ओवर में जोश हेजलवुड को तीन छक्के और एक चौका मारा लेकिन अंत में पंजाब के हाथ से चैंपियन बनने का मौका निकल गया। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर भी बहुत निराश होंगे क्योंकि टीम पहले क्वलीफायर में भी आरसीबी से हार गयी थी और फाइनल में वे उस हार का बदला नहीं ले सके।




## इस साल कप हमारा है

**अहमदाबाद, 3 जून।** जब आईपीएल चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने 18 साल के टीम के इंतजार के बाद कहा ' ई साला कप नामडू' (इस साल कप हमारा है ) तो प्रशंसक खुशी से चीख उठे। लेकिन जब उन्होंने कहा कि इसके सबसे ज्यादा हकदार विराट कोहली हैं ' तो शोर कई गुना बढ गया। पाटीदार ने कहा कि मेरे लिये यह खास है, विराट कोहली और सभी प्रशंसकों के लिये। जिन्होंने इतने साल तक टीम का साथ दिया, वे सभी इसके हकदार हैं। मेरे लिये यह बड़ा मौका है और मैने बहुत कुछ सीखा है। इसके हकदार सबसे ज्यादा विराट कोहली हैं। उन्होंने 17 रन देकर दो विकेट लेने वाले कृणाल पंड्या की तारीफ करते हुए कहा कि कृणाल विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। जब भी विकेट चाहिये होते हैं, मैं उसे गेंद सौंपता हूं। सुयश और बाकी गेंदबाजों ने भी



शानदार प्रदर्शन किया।

वहीं पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा ,'' टीम के हर खिलाड़ी पर गर्व है। कई युवाओं का यह पहला सत्र था। उन्होंने बेखौफ खेला। अभी काम अधूरा है। हम अगले साल इसे जीतेंगे।''

## जब तक आईपीएल खेलूंगा, आरसीबी के लिए ही खेलूंगा

**अहमदाबाद, 3 जून।** जोश हेजलवुड ने 20वें ओवर की दूसरी गेंद डाली और कोहली की आंखें भर आई। मोटेरा की पिच को चूमते हुए कोहली को देखकर उनके प्रशंसक भी खुशी के आंसू रोक नहीं सके होंगे। आईपीएल इस साल 18 बरस का हो गया और इस खिताब के साथ कोहली का कद कुछ और बढ़ गया। जीत के बाद कोहली ने कहा कि यह टीम उतनी ही प्रशंसकों की है, जितनी की टीम की । 18 साल का लंबा समय। मैने अपनी जवानी, प्राइम और अनुभव सब कुछ इस टीम को दिया। मैने हर सत्र में जीतने की कोशिश की। जो भी मेरे पास था, दिया। फाइनल के बाद कोहली ने अपनी पत्नी अनुष्का को गले लगाया। उन्होंने कहा कि आखिरकार खिताब जीतना अविश्वसनीय अनुभव है । कभी सोचा नहीं था कि यह दिन आयेग । आखिरी गेंद डाले जाने के समय मैं बहुत भावुक हो गया था।

इंतजार हुआ खत्म

### विराट कोहली ने आखिरकार जीती आईपीएल ट्रॉफी

## 18वें साल में जागी18 नंबर की जर्सी की किस्मत

11 बजकर 20 मिनट : पसीने से सराबोर विराट कोहली थोड़े अधीर दिखते हैं। आखिर हो भी क्यों नहीं, उनका और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का पहला आईपीएल खिताब बस एक ओवर दूर था।

11 बजकर 25 मिनट : जोश हेजलवुड ने 20वें ओवर में आरसीबी की जीत सुनिश्चित कर दी। कोहली की आंखें भर आई और आंसू कपालों पर आ गिरे। अपना चेहरा उन्होंने हथेली में छिपा लिया। आरसीबी के खिलाड़ी उन्हें घेरकर कूदने लगे। आखिर 18 नंबर की जर्सी का 18 साल का इंतजार खत्म हुआ।

एक महान खिलाड़ी और उस पर अटूट भरोसा करने वाली एक टीम के लिये यह सबसे भावनात्मक पल था। पिछले 18 साल की नाकामियां और निराशा इस पल में पीछे छूट गई। एकमात्र खिताब जो इस पीढ़ी के महानतम क्रिकेटर की झोली में अभी तक नहीं गिरा था, आखिरकार उसे मिला। कोहली और आरसीबी का सफर तभी शुरू हुआ जब आईपीएल ने क्रिकेट की दुनिया में पहला कदम रखा था। अठारह साल पहले बेचैन और युवा कोहली पश्चिम दिल्ली का वह गोल मटोल सा लड़का था जो जीत का जुनून लेकर उतरा था। उस समय आरसीबी के ड्रेसिंग रूम में राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले और जाक कैलिस हुआ करते थे। आरसीबी ने कोहली पर भरोसा किया और उसके पूर्व मालिक विजय माल्या ने कोहली को अपने अंदाज में खेलने की छूट दी।

फिर 2011 में कोहली आरसीबी के कप्तान बने। बाईस साल की उम्र में इतनी बड़ी जिम्मेदारी और इतना दबाव से भरा माहौल भी उन्हें विचलित नहीं कर सका।




बारह साल और 143 मैचों तक कमान संभालने वाले कोहली डटे रहे। बेंगलुरू के क्रिकेटप्रेमियों से उनका दिल का रिश्ता गहरा होता गया। यह कोहली का करिश्मा ही था कि बेंगलुरु का हर क्रिकेटप्रेमी आरसीबी का वफादार प्रशंसक बन गया। महेंद्र सिंह धौनी जब चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान बने तब विश्व कप विजेता भारत के कप्तान बन चुके थे लेकिन कोहली और आरसीबी का रिश्ता धीरे धीरे गहरा होता गया। चेन्नई ने पांच बार आईपीएल जीता और रोहित शर्मा की मुंबई इंडियंस ने भी। सनराइजर्स हैदराबाद और डेक्कन चार्जर्स ने भी खिताब जीत।

कोहली ने लेकिन कभी आरसीबी से नाता तोड़ने की नहीं सोची। दर्शकों का प्यार उनकी प्रेरणा रहा और जुनून भी। एक सपना हमेशा उनकी आंखों में पलता रहा, आरसीबी के लिये आईपीएल जीतने का। इस दशक के क्रिकेट के सबसे बड़े 'शो मैन' को आखिरकार आईपीएल का ताज मिला। क्रिकेट के अनगिनत रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके कोहली के साथ ही दुनिया भर के आरसीबी प्रशंसक इस पल को शायद ही कभी भुला सकेंगे।

### आईपीएल की विजेता व उपविजेता टीमें

| साल | विजेता | उप विजेता |
|---|---|---|
| 2008 | राजस्थान रॉयल्स | चेन्नई सुपर किंग्स |
| 2009 | डेक्कन चार्जर्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु |
| 2010 | चेन्नई सुपर किंग्स | मुंबई इंडियंस |
| 2011 | चेन्नई सुपर किंग्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु |
| 2012 | कोलकाता नाइट राइडर्स | चेन्नई सुपर किंग्स |
| 2013 | मुंबई इंडियंस | चेन्नई सुपर किंग्स |
| 2014 | कोलकाता नाइट राइडर्स | किंग्स कपंजाब |
| 2015 | मुंबई इंडियंस | चेन्नई सुपर किंग्स |
| 2016 | सनराइजर्स हैदराबाद | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु |
| 2017 | मुंबई इंडियंस | राइजिंग पुणे |
| 2018 | चेन्नई सुपर किंग्स | सनराइजर्स हैदराबाद |
| 2019 | मुंबई इंडियंस | चेन्नई सुपर किंग्स |
| 2020 | मुंबई इंडियंस | दिल्ली कैपिटल्स |
| 2021 | चेन्नई सुपर किंग्स | कोलकाता नाइटराइडर्स |
| 2022 | गुजरात टाइटंस | राजस्थान रॉयल्स |
| 2023 | चेन्नई सुपर किंग्स | गुजरात टाइटंस |
| 2024 | कोलकाता नाइटराइडर्स | सनराइजर्स हैदराबाद |
| 2025 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | पंजाब किंग्स |

आईपीएल विजेता : टीम के अनुसार आईपीएल जीतने वाली टीमें

| टीम | खिताब | साल |
|---|---|---|
| चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 2010, 2011, 2018, 2021, 2023 |
| मुंबई इंडियंस | 5 | 2013, 2015, 2017, 2019, 2020 |
| कोलकाता | 3 | 2012, 2014, 2024 |
| बेंगलुरु | 1 | 2025 |
| गुजरात टाइटंस | 1 | 2022 |
| हैदराबाद | 1 | 2016 |
| डेक्कन चार्जर्स | 1 | 2009 |
| राजस्थान रॉयल्स | 1 | 2008 |




## वैभव सूर्यवंशी को मिला सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन अवार्ड

बिहार के वैभव सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। वैभव ने इस दौरान गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सिर्फ 35 गेंदों पर शतक जड़ दिया था। इसी के साथ वैभव आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज शतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए थे। वैभव सूर्यवंशी ने अपने डेब्यू सीजन में में कुल 7 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 252 रन बनाए। इस दौरान वैभव का बल्लेबाजी एवरेज 36.00 दर्ज किया गया। वहीं वैभव का स्ट्राइक रेट 206.55 रहा, जो उन खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा था जिन्होंने कम से कम 7 मैचों में भाग लिया और मिनिमम 100 गेंदें खेलीं। वैभव ने आईपीएल 2025 में 122 गेंदों का सामना किया। इस दौरान उन्होंने 24 छक्के और 18 चौके जड़े। वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल 2025 में तूफानी बैटिंग के चलते सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन अवॉर्ड मिला। इनाम के तौर पर वैभव सूर्यवंशी को ईवी कार प्रदान की गई।







## कुणाल पांड्या बने 'मैन ऑफ द मोमेंट

190 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही पंजाब किंग्स की शुरुआत तो दमदार रही लेकिन मैच का टर्निंग प्वाइंट बना क्रुणाल पांड्या का जादुई स्पेल। उन्होंने 4 ओवर में महज 17 रन देकर 2 विकेट झटके और मैच का पूरा रुख पलट दिया। इसी शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## साई सुदर्शन को सबसे बड़ा अवॉर्ड्स

गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हुए साई सुदर्शन पूरे आईपीएल 2025 के सीजन में छाए रहे। उन्होंने 759 रन ठोकते हुए न सिर्फ ऑरेंज कैप अपने नाम की, बल्कि उन्हें इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट समेत कुल तीन अवॉर्ड्स के लिए 30 लाख रुपये और 3 ट्रॉफी जीती

## सर्या ने फिर चमकाया सूरज

मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज़ सूर्यकुमार यादव ने 717 रनों की आतिशी सीजन के दम पर मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए 10 लाख रुपये और एक ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

अवॉर्ड्स की पूरी लिस्ट:

**इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट:**
साई सुदर्शन-10 लाख रुपए+ट्रॉफी
**सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन**
वैभव सूर्यवंशी-टाटा कर्व कार+ट्रॉफी
**सुपर सिक्सेस ऑफ द टूर्नामेंट**
निकोलस पूरन-0 लाख रुपए+ट्रॉफी
**रूपे गो ऑफ द फॉर सीजन**
साई सुदर्शन-10 लाख रुपए+ट्रॉफी
**ग्रीन डॉट बॉल ऑफ द सीजन**
मोहम्मद सिराज-10 लाख रुपए+ट्रॉफी
**कैच ऑफ द सीजन**
कमिंडु मेंडिस-10 लाख रुपए+ ट्रॉफी
**फेयर प्ले अवॉर्ड**
चेन्नई सुपर किंग्स-10 लाख रुपए+ट्रॉफी
**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा (25 विकेट)-10 लाख रुपए+ ट्रॉफी
**ऑरेंज कैप:**
साई सुदर्शन (759 रन)-10 लाख रुपए+ ट्रॉफी
**मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर**
सूर्यकुमार यादव (717 रन)-10 लाख रुपए+ट्रॉफी
**रनरअप टीम**
पंजाब किंग्स-12 करोड़ रुपए+ शील्ड
**विनर टीम**
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-20 करोड़ रुपए+ ट्रॉफी







# आरसीबी की जीत के बाद बेंगलुरू की सड़कों पर उमड़ा 'लाल समंदर'

**बेंगलुरु।** जोश हेजलवुड ने जैसे ही मैच की आखिरी गेंद फेंकी, बेंगलुरू की सड़कों पर लाल जर्सी पहने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के समर्थकों का मानो सैलाब उमड़ पड़ा और 'आरसीबी और कोहली' के शोर से आसमान गूंज गया। बड़े बड़े सितारों से सजी आरसीबी की टीम को पिछले 18 साल में यह मौका नहीं मिला था। कभी चेन्नई में जश्न मना तो कभी मुंबई में । कोलकाता, हैदराबाद और जयपुर में भी जीत का यह जश्न मनता आया लेकिन बेंगलुरू में निराशा छाई रही। तीन जून को पहली बार बेंगलुरू के लोगों ने इसे अनुभव किया । 'ई साला कप नामडे ( इस साल कप हमारा होगा ) का नारा 'ई साला कप नामुडु ( इस साल कप हमारा है ) में बदल गया। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने एक्स पर लिखा कि आपने कर्नाटक के हर व्यक्ति का सपना इस जीत से साकार कर दिया है । पूरी आरसीबी आर्मी के लिये यह भावुक पल। कर्नाटक को गर्व है। आरसीबी के पूर्व कप्तान और भारत के महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने लिखा ,'' आरसीबी को बधाई। इतने लंबे इंतजार के बाद शानदार जीत।' सड़कों पर बाइक और कार पर लोग आरसीबी के बैनर और झंडे लेकर निकल पड़े। अब उन्हें इंतजार है अपने चैम्पियंस का। मानसून के मौसम में हरा भरा दिख रहा बेंगलुरू अगले कुछ दिन लाल रंग में रंगा दिखेगा।









## संक्षिप्त

### सेमीफाइनल में स्वियातेक की भिड़ंत सबालेंका से

**पेरिस, 3 जून।** चार बार की चैम्पियन इगा स्वियातेक ने रोलां गैरो पर लगातार 26वीं जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका से होगा। स्वियातेक ने स्वितोलिना को 6-1, 7-5 से हराया।

### दो जीत से प्रेरणा लेकर मैदान पर उतरेगा भारत

**पथुम थानी (थाईलैंड), 3 जून।** भारत बुधवार को यहां जब अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी थाईलैंड का सामना करेगा तो उसकी नजरें पिछली दो जीत और करिश्माई सुनील छेत्री की अच्छी फॉर्म से प्रेरणा लेने पर टिकी होंगी। भारत और थाईलैंड अक्सर एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। एशियाई खेलों से लेकर एशियाई कप तक, किंग्स कप से लेकर नेहरू कप तक, पुरुष फुटबॉल में भारत बनाम थाईलैंड मुकाबलों का इतिहास काफी पुराना है।

### तीरंदाजी विश्व कप में भारतीय उम्मीदें बढ़ीं

**अंताल्या (तुर्की),3 जून।** पिछले महीने शंघाई विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सभी को आकर्षित करने वाले पार्थ सालुंखे बुधवार को यहां जब तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में भारत के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे तो उनकी कोशिश फिर से चमकदार प्रदर्शन करने की होगी। महाराष्ट्र के सतारा के 21 वर्षीय तीरंदाज ने शंघाई में दो बड़े नामों को हराकर तीरंदाजी की दुनिया को चौंका दिया था। उन्होंने शुरुआती दौर में शूट–ऑफ में तुर्की के तोक्यो ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज और फिर क्वार्टर फाइनल में दो बार के ओलंपिक टीम स्वर्ण पदक विजेता दक्षिण कोरिया के किम जे–देओक को बिना सेट गंवाए हराकर उलटफेर किया था।

### भारतीय फुटबॉल महिला टीम फिर हारी

**बेंगलुरू, 3 जून।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को मंगलवार को उज्बेकिस्तान से दूसरे फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में 0–1 से हार का सामना करना पड़ा। यह भारतीय टीम की दो मैत्री में लगातार दूसरी हार थी। पहले मैत्री में भी भारत को 0–1 से हार मिली थी। उज्बेकिस्तान के लिए निलुफर कुद्रतोवा ने विजयी गोल दागा।

### ऑस्ट्रेलिया जा सकता है पाकिस्तान

**कराची, 3 जून।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने कहा है कि उन्होंने अगले साल के शुरू में सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने पर सहमति जताई है।

# खुशबू और डॉली बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

## बीसीए वीमेंस सीनियर एंड अंडर-23 टी20 ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट



**पटना, 3 जून (खेलढाबा)।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे बीसीए वीमेंस सीनियर एंड अंडर–23 टी20 ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम ई और टीम एच ने जीत हासिल की। टीम ई की खुशबू और टीम एच की डॉली प्लेयरव ऑफ द मैच बनीं। स्थानीय मोइनुल हक स्टेडियम में चल रहे इस टूर्नामेंट के अंतर्गत मंगलवार को खेले गए पहले मुकाबले में टीम ई ने टीम एफ को 7 विकेट से जबकि टीम एच ने टीम जी को भी 7 विकेट से हराया।

### टीम ई ने टीम एफ को हराया

टॉस टीम ई ने जीता और एफ को बैटिंग का न्योता दिया। टीम एफ की टीम निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 74 रन बनाये। जवाब में टीम ई ने 10.2 ओवर में 3 विकेट पर 75 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। विजेता टीम के खुशबू कुमारी (6 रन, 1 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

संक्षिप्त स्कोर

टीम एफ : 20 ओवर में 6 विकेट पर 74 रन, आकांक्षा 11, हर्षिता भारद्वाज 29, अतिरिक्त 11, प्रीति प्रिया 2/13, प्रगति सिंह 2/23, खुशबू कुमारी 1/6, रितिका सिंह 1/7

टीम ई : 10.2 ओवर में 3 विकेट पर 75 रन, अंकिता 28, अंजलि चौधरी नाबाद 25, अतिरिक्त 16, रोजी 2/10, हेमा कशीश 1/22

### टीम एच ने जी को दी मात

दूसरे मैच में टीम जी ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए 17.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 92 रन बनाये। जवाब में टीम एच ने 16 ओवर में 3 विकेट पर 95 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। डॉली (4 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

संक्षिप्त स्कोर

टीम जी : 17.5 ओवर में 92 रन पर ऑल आउट, इशिका रंजन 22, सुनिधि शाही 17, अतिरिक्त 28, प्रिया कुमारी 1/13, निक्की चौहान 1/6, डॉली 4/14, रूपा 4/12

टीम एच : 16 ओवर में 3 विकेट पर 95 रन, विशालाक्षी नाबाद 37, श्वाति 38, तेजस्वी सिन्हा 1/22, कुमकुम 1/11

### बेंगलुरु में पांच जुलाई को होगी नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता

**बेंगलुरु, 3 जून।** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले महीने स्थगित की गई नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब पांच जुलाई को यहां आयोजित की जाएगी।

आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पहले यह प्रतियोगिता 24 मई को आयोजित की जानी थी।

इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली हुई है। श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे।

# एरिगैसी को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंचे गुकेश



**स्टावेंजर (नॉर्वे), 3 जून।** भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कुछ विपरीत परिस्थितियों से गुजरने के बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पहली बार क्लासिकल बाजी में हराया जिससे वह नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था। इस 19 वर्ष के खिलाड़ी ने इस जीत से एरिगैसी से दूसरे दौर में मिली हार का बदला चुकता भी किया।

गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

### नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट

गुकेश से हार के बाद एरिगैसी 7.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि वेई यी 6.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में अभी तीन दौर की बाजियां खेली जाने बाकी हैं।

महिला वर्ग में, यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई–ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया, जबकि भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली चीन की लेई टिंगजी से हार गई।



# पीयूष और आकाश की शानदार बैटिंग



**पटना, 3 जून (खेलढाबा)।** पीयूष कुमार सिंह (101 रन), आकाश वर्मा (नाबाद 90 रन) की शानदार बैटिंग और हर्ष राज (4 विकेट) और राहुल राठौर (3 विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर पेसू ने पटना जिला सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग के सुपर लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सुपर लीग के अपने दोनों लीग मुकाबले जीत कर पेसू अपने पूल में टॉप पर रहा।

लीग के संयोजक धनंजय कुमार ने बताया कि पहले सेमीफाइनल में अधिकारी इलेवन की भिड़ंत आरबीएनवाईएसी से होगी जबकि दूसरे सेमीफाइनल में पेसू और ईआरसीसी की टीमें आमने–सामने होंगी।

22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर खेले गए मैच में टॉस राइजिंग स्टार ने जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। खराब शुरुआत के बाद भी अमन राज (66 रन) और केशव (नाबाद 51 रन) के अर्धशतकों की बदौलत राइजिंग स्टार ने 38.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 200 रन बनाये। पेसू की ओर से हर्ष राज ने 4 और राहुल राठौर ने 3 विकेट चटकाये। जवाब में पेसू ने पीयूष कुमार सिंह और आकाश वर्मा की बेहतरीन बैटिंग के दम पर 36.4 ओवरमें 2 विकेट पर 202 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। पीयूष कुमार सिंह ने 97 गेंद में 7 चौका व 4 छक्का की मदद से 101 जबकि आकाश वर्मा ने 112 गेंद में 11 चौका व 1 छक्का की मदद से नाबाद 90 रन की शानदार पारी खेली। राइजिंग स्टार की ओर से गोविंद ने 1 विकेट चटकाये। पीयूष कुमार सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

**पीडीसीए सीनियर क्रिकेट**

- पेसू की टीम सेमीफाइनल में
- राइजिंग स्टार की टीम हारी

संक्षिप्त स्कोर

राइजिंग स्टार : 38.5 ओवर में 200 रन पर ऑल आउट, अमन राज 66, सत्यम कुमार 12,अगस्त्या 17, केशव नाबाद 51, अतिरिक्त 14, पवन कुमार 1/11, शुभम कुमार 2/34, हर्ष राज 4/32, राहुल राठौर 3/40

पेसू : 36.4 ओवर में 2 विकेट पर 202 रन, पीयूष कुमार सिंह 101, आकाश वर्मा नाबाद 90, गोविंद 1/28

### बिहार सीनियर फिडे रेटिंग शतरंज में पटना के विजय टॉप पर

**बरबीघा (शेखपुरा), 3 जून।** अखिल बिहार शतरंज संघ के तत्वावधान में स्थानीय संत मैरी इंग्लिश स्कूल में चल रही बिहार राज्य सीनियर फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता के पांचवें चक्र की समाप्ति के पश्चात पटना के विजय कुमार पांच अंको के साथ अकेले शीर्ष पर चल रहे हैं। वहीं साढ़े चार अंको के साथ विपल सुभाषी, आशुतोष, देवव्रत सिंह एवं राहुल कुमार संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। मंगलवार यानी 3 जून को पांचवे चक्रमें शीर्ष बोर्ड खेल रहे विपल सुभाषी एवं आशुतोष कुमार के बीच खेली गई बाजी 48 चालों के बाद अनिर्णीत समाप्त हुई। क्वीन्स इंडियन डिफेंस के फिश्चित्तो सिस्टम से खेली गई यह बाजी रुक पॉन एंडिंग में परिणाम निकलता न देख आपसी सहमति से ड्रॉ में परिणत हुआ। दो नम्बर बोर्ड पर पटना के विजय ने छपरा के प्रेम को सफेद मोहरों से खेलते हुए पर्क के खेल में पराजित किया। हालांकि इस खेल में दोनों खिलाड़ियों ने रुक बिशप के समन्वय का बेहतरीन खेल दिखाया जिसमे अंततः 68 वें चाल में विजय ने अपने प्यादे से दबाव बनाकर प्रेम को गलती करने पर मजबूर कर दिया औरइस तरह अंत के खेल में मोहरा के साथ खेल भी गंवा बैठे। बोर्ड नम्बर तीन और चार पर साढ़े तीन अंको के साथ खेल रहे राहुल और देवब्रत ने क्रमशः तबशिर आलम एवं किशन कुमार को हराया।

# मातृभूमि क्लब ने जीता रब्बी रोशन हॉकी टूर्नामेंट का खिताब







**पटना, 3 जून (खेलढाबा)।** मातृभूमि हॉकी अकादमी, बक्सर ने चौथी आर. रौशन मेमोरियल प्राइज मनी पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच में मातृभूमि हॉकी अकादमी ने आर रौशन हॉकी अकादमी को 5–2 से पराजित किया। खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया के पूर्व कोषाध्यक्ष व महासचिव मोहम्मद मुश्ताक अहमद ने पुरस्कृत किया।

इस मैच के प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मातृभूमि हॉकी अकादमी के खिलाड़ी मानवेंद्र को दिया गया और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट मातृभूमि हॉकी अकादमी के खिलाड़ी अर्पित को दिया गया।

रानी लक्ष्मीबाई हॉकी क्लब सीवान ने तीसरा स्थान हासिल किया। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में रानी लक्ष्मीबाई हॉकी क्लब, सीवान ने एडवेंचर हॉकी क्लब सहरसा को 5–2 से हराया। इस मौके पर बिहार ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष मोहम्मद मुख्तार, हॉकी कोच मनोज कुमार, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी नरेंद्र कुमार, मुनींद्र, कोच मिनी सिंह ,राष्टीय खिलाड़ी अपराजित कुमार, श्रेया कुमारी, मोहम्मद सिदिक आदि मौजूद थे।

### सिंधू और सात्विक–चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में

**जकार्ता, 3 जून।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। सिंधू ने महिला एकल में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को एक घंटे 19 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 22–20, 21–23, 21–15 से हराया। अब राउंड 16 में उनका सामना थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्णपावी चोचुवोंग से होगा। सिंधू ने मैच के बाद कहा कि पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे निश्चित तौर पर मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए इस तरह के मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है। सेन ने एक घंटे और पांच मिनट तक चले पुरुष एकल मुकाबले में दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी चीन के शि यू क्यू से 11–21 22–20 15–21 से हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। भारत के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया।

# श्री राम खेल मैदान बना चैंपयिन

**पटना, 3 जून (खेलढाबा)।** श्रीराम खेल मैदान ने कासा पिकोला कप अंडर–12 स्कूली क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल में श्रीराम खेल मैदान ने वाईसीसी को 21 रन से हरयाा।

### कासा पिकोला कप

**टूर्नामेंट के हीरो**

बेस्ट बॉलर : विनायक यदुवंशी
बेस्ट बैट्समैन : विवेक कुमार
बेस्ट फील्डर : आदर्श नाथ
बेस्ट कीपर : आदर्श आनंद
मैन ऑफ द टूर्नामेंट : शान गोस्वामी
उदीयमान खिलाड़ी : पर्व, आदित्य, हरिओम जी, अनुराग, विशेष।

कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में टॉस वाईसीसी ने जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। श्री राम खेल मैदान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 103 रन बनाये। जवाब में वाईसीसी की टीम 19.2 ओवर में 82 रन पर ऑल आउट हो गई। विजेता टीम के आर्यन राज (1 रन, 4 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

खिलाड़ियों को राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष धनंजय कुमार उर्फ मृणाल पासवान, माई कैरियर व्यू के एमडी सुनील सिंह ने पुरस्कृत किया। सबों का स्वागत सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के महासचिव नवीन कुमार ने शॉल व मोमेंटो समर्पित कर किया। धन्यवाद व्यक्त फाउंडेशन के संस्थापक संतोष तिवारी ने किया। सभा का संचालन उद्घोषक संदीप पाटिल ने किया।

### संक्षिप्त स्कोर

श्री राम खेल मैदान : 20 ओवर में 7 विकेट पर 103 रन, आदर्श राज 13, शान गोस्वामी 22, श्रेस्ठ राज नाबाद 22, विनय कुमार 15, अतिरिक्त 19, सक्षम 2/23, पुष्कर 2/20, सुष्मंतो 1/12, अंकुश राज 1/12, प्रिंस 1/2

वाईसीसी : 19.2 ओवर में 82 रन पर ऑल आउट, आशीष कुमार 19, शानू सौरभ 17, सक्षम 15, सुस्मंतो 10, आर्यन राज 4/6, कान्हा 2/15, विनय कुमार 1/16, प्रिंस 1/25




### बिहार यूथ अंडर-13 फुटबॉल लीग में अल्फा की शानदार जीत



**पटना, 3 जून।** बिहार फुटबॉल संघ और अल्फा स्पोर्ट्स एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में खेली जा रही बिहार यूथ अंडर–13 फुटबॉल लीग में अल्फा एकेडमी और एसडीएफए ने शानदार जीत हासिल की। पहले मैच में एसडीएफए ने एआरएमएफए को 7–1 से पराजित किया। एसडीएफए की तरफ से आमिर और जीशान ने तीन–तीन गोल और सैफ ने एक गोल किया। वही एआरएमएफए की तरफ से जफर ने एकमात्र गोल किया। दूसरे मैच में जीबीएफए के खिलाफ पीएसएफए को वाकओवर के सहारे जीत मिली। तीसरे मैच में एफएसएसए ने पीएसएफए लायंस को 3–0 से हराया। एफएसएसए की ओर से आकाश, विकास और बादल ने 1–1 गोल दागे।

दिन का अंतिम मुकाबला अल्फा और डॉन बोस्को के बीच खेला गया, जिसमें अल्फा ने 5–0 से शानदार जीत दर्ज की। विजेता टीम के लिए लव और अरसल ने दो–दो और दीप राज ने एक गोल किया।

# सीएबी जीएनआईटी कप के सेमीफाइनल में



**पटना, 3 जून (खेलढाबा)।** क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार (सीएबी) ने जीएनआईओटी कप अंडर–15क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। क्वार्टरफाइनल में क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार ने बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से पराजित किया।

कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी ने 20.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 149 रन बनाये। आदित्य राज ने 41 जबकि युवराज ने 35 रन की पारी खेली। क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार की ओर से मोहित कुमार और आयुष राज ने 3–3 विकेट चटकाये।

जवाब में क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार ने 14.5 ओवर में 3 विकेट पर 150 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। नीरज कुमार ने 50 रन की पारी खेली। विजेता टीम के मोहित कुमार (9 रन, 3 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### संक्षिप्त स्कोर

बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी : 20.5 ओवर में 149 रन पर ऑल आउट, युवराज 35, आदित्य राज 41, अंकित सौरभ 12, अशोक कुमार 14, अतिरिक्त 23, वैभव राज 1/26, रितेश कुमार 1/11, मंजीश 1/27, आयुष राज 3/30, मोहित कुमार 3/22

क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार : 14.5 ओवर में 3 विकेट पर 150 रन, नीरज कुमार 50, आयुष राज 26, रोहित कुमार नाबाद 24, प्रिंस नाबाद 29, अतिरिक्त 12, अमृत कमाल 1/20, पुष्कर 1/27, अंकित सौरभ 1/20

## माई कैरियर व्यू कप क्रिकेट में आईडब्ल्यूएससीए की टीम जीती

**पटना, 3 जून (खेलढाबा)।** स्थानीय कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे माई कैरियर व्यू कप अंडर–13 क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत मंगलवार यानी 3 जून को खेले गए मुकाबले में आईडब्ल्यूएससीए ने वाईसीसी को 72 रन से हराया। टॉस वाईसीसी ने जीता और आईडब्ल्यूएससीए को बैटिंग का न्योता दिया। आईडब्ल्यूएससीए ने साहिल के 51 रन की मदद से 21 ओवर में 5 विकेट पर 161 रन बनाये। जवाब में वाईसीसी की टीम 16.1 ओवरमें 89 रन पर ऑल आउट हो गई। विजेता टीम के अमन शर्मा (37 रन, 4 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

### संक्षिप्त स्कोर

आईडब्ल्यूएससीए : 21 ओवर में 5 विकेट पर 161 रन, आयुष कुमार 16, साहिल 51, अमन शर्मा 37, ध्रुव 20,अंश राज 10,अतिरिक्त 27, सूरज 2/29, विराट वर्मा 1/28, राज आर्यन 1/37, श्रेष्ठ 1/13 वाईसीसी : 16.1 ओवर में 89 रन पर ऑल आउट राज आर्यन 22, श्रेष्ठ 12, समरजीत 24, अतिरिक्त 17, अंश राज 1/11, अमन शर्मा 4/15, ध्रुव 1/17, आर्यन कुमार 4/8

